दैनिक भास्कर 07/09/2022

# ओरिएंटेशन प्रोग्राम में विद्यार्थियों का किया अभिनंदन




**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के प्रबंधन विभाग ने बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम कराया। इसमें 50 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्नातक विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों को तिलक लगाया और मुंह मीठा करवा अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर प्रतिष्ठित महाविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी। इस दौरान कॉलेज के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. रवनीत ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों के मनोबल एवं बौद्धिक विकास के लिए डॉ. अमिता ने अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. अमिता और पिंकी गुप्ता उपस्थित रहे।